Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006
Participants : Muqueem Shri Mohammed

an>

Title : Need to check irregularities in the Public Distribution System in Dumriaganj, District Siddharth Nagar, Uttar Pradesh.

मो. मुकीम (डुमरियागंज) : महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर, उ0प्र0 इटावा की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां विगत 6-7 वर्षों से गल्ला की दुकान चलाने वाले लोगों द्वारा अनियमितताएं बरती जा रही हैं। उनके द्वारा फर्जी गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले कार्ड बनाकर (बीपीएल कार्ड) गरीबों के राशन का एक बहुत बड़ा हिस्सा बाजार में बेचा जा रहा है।

अतः आपके माध्यम से सरकार से जनहित में मांग करता हूं कि विगत पांच वर्षों में बीपीएल खाद्यान्न के वितरण व फर्जी कार्डों जैसी अनियमितताओं की जांच अति गोपनीय तरीके से कराकर दोषी पाये जाने वाले दुकानदारों तथ संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए, ताकि गरीब लोग अपना हक-हिस्सा पा सकें, साथ ही सरकार की गरीबों के हितों हेतु चलायी जाने वाली योजना सुचारू रूप से क्रियान्वित की जा सके।